जैन साहित्य एवं मंदिर उपकरण

हमारे यहाँ सभी प्रकार का दिगंबर जैन एवं भारत के सभी प्रमुख धार्मिक संस्थानों का सत साहित्य एवं मदिर में उपयोग हेतु उपकरण और प्रभावना में बाटने योग्य सामग्री सीमित मूल्य पर उपलब्ध है !

शुध्द चांदी के उपकरण आर्डर पर निर्मित किये जातें है!

(पांडुशिला, सिंघासन , छत्र , चंवर प्रातिहार्य , जापमाला , मंगल कलश, पूजा बर्तन चंदोवा, तोरण, झारी)

नोट :- हमारे यहाँ घरो मे उपयोग हेतु , साधुओं के उपयोग हेतु, अनुष्ठानो मे उपयोग हेतु शुध्द देशी घी भी आर्डर पर उपलब्ध कराया जाता है !

Contact:-
Sourabh Sagar Indore
9993602663
7722983010
sourabhjn1989@gmail.com

जैन

जयजिनेन्द्र

गाय का शुद्ध देशी घी

शुद्धता पूर्वक बनाया गया देशी घी

साधु व्रती एवं धार्मिक अनुष्ठानो को ध्यान में
रख कर बनाया गया शुद्ध देशी घी

घी ऐसा के दिल जीत जाये !

अब 1kg की पैकिंग में भी उपलब्ध

संपर्क सूत्र

Contact For Order

Sourabh Sagar Indore

Call & Whatsapp:

9993602663,7722983010

All India Home Delivery

श्री गणेशप्रसाद वर्णी जैन ग्रन्थमाला २-१०

मन्दिर-वेदीप्रतिष्ठा-कलशारोहणविधि

सम्पादक
पं० पन्नालाल जी साहित्याचार्य सागर

प्रकाशक
श्री गणेशप्रसाद वर्णी जैन ग्रन्थमाला
भदैनी, वाराणसी

ग्रन्थमाला सम्पादक और नियामक
पं० फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

ग्रथमावृत्ति १००० प्रति
दीपमालिका—
वीरनिर्वाण सम्वत् २४८६
मूल्य १) २५ नया पैसा

मुद्रक—
कैलाश प्रेस,
सोनारपुर, वाराणसी

आद्य वक्तव्य

पञ्चकल्याणकप्रतिष्ठा, मन्दिरप्रतिष्ठा, वेदीप्रतिष्ठा, कलशारोहण तथा अन्य विधान आदिके कार्य समारम्भ सदासे होते चल आये हैं। इन सबका अपना अपना महत्व है यह यहाँ बतानेकी आवश्यकता नहीं। एक समय था कि जब जैन समाजमें स्वर्गीय पं० पन्नालालजी न्यायदिवाकर, उदासीन श्रावक प० पन्नालाल जी गोधा, प० मोतीलालजी वर्णी, प० नरसिंहदास जी, पं० मूलचन्द्रजी सिलोआ, पं० हजारीमलजी अजमेरा और पं० सुन्दरलालजी बसवा निवासी आदि विद्वान् प्रतिष्ठा विधिके माने हुए विद्वान् थे और समाजमें सर्वत्र इन्हीं विद्वानोंके द्वारा प्रतिष्ठाका कार्य सम्पन्न होता था। इन विद्वानोंने प्रतिष्ठाविषयक शास्त्रोंका संकलन अपनी पोथियोंमें संगृहीत करके रक्खा था और उसीके आधार पर वे सब जगह विधिविधान कराते थे। दुर्भाग्यवश वे विद्वान् अब हमारे बीचमें नहीं रहे। उनका संगृहीत साहित्य भी यत्र तत्र पड़ा रह गया।

इधर जैन समाजमें उच्च कोटिके विद्वान तैयार तो हुए परन्तु उनकी दृष्टि प्रतिष्ठाकार्यकी ओर नहीं गई। उसका कारण है—प्रतिष्ठापाठोंमें प्रतिष्ठाचार्यका जो लक्षण बतया है उसे देखते हुए अपने आपमें कमीका अनुभव कर उच्च विद्वान् इस ओर नहीं बढ़े। अवसर देख कुछ विद्वान् आगे आये भी तो उनके पास इस विषयका साहित्य नहीं रहा। प्रतिष्ठापाठ अवश्य हैं पर उनका पूरापूर अध्ययन कर जब तक भिन्न भिन्न कार्यों के योग्य विधिका संकलन नहीं कर लिया जाता है तब तक विधि करानेमें

सदा कठिनाईका अनुभव करना पड़ता है। कितने ही विद्वानोंमें सामग्री छाटनेकी योग्यता नहीं है और कितने ही योग्यता रखते हुए भी आलस्यवश यह कार्य नहीं करते। फल यह हुआ कि कितने ही लोग जैन विवाह विधियोंमें छपे मङ्गलाष्टक और हवनकी विधि को लेकर ही प्रतिष्ठाचार्य बन बैठे हैं। समाजमें इस विषयका ज्ञान नहीं साथ ही उसमें वणिक् वृत्तिके कारण यह भावना आ गई कि छोटा मोटा कोई भी विद्वान बुलालो और उससे कम खर्चमें यह कार्य करालो। इसलिये शास्त्रोक्त प्रतिष्ठा करानेवाले विरले ही दिखाई देते हैं। यही कारण है कि प्रतिष्ठाके यथार्थ लाभसे हम लोग वञ्चित हो रहे हैं।

उपलब्ध प्रतिष्ठापाठोंमें श्रीमद् जयसेनाचार्य रचित प्रतिष्ठापाठ सबसे प्राचीन है। जयसेनाचार्य कुन्द कुन्द स्वामीके प्रमुख शिष्य थे और उन्हींकी प्रेरणासे उन्होंने रत्नगिरिके ऊपर लालाट राजाके द्वारा निर्मापित चन्द्रप्रभ चैत्यालयकी प्रतिष्ठाके लिये इसकी रचना की थी। इसकी रचना बहुत ही सुन्दर तथा विधि विधान आडम्बरहीन है। अतः इसे ही सामने रखकर मैंने मन्दिरप्रतिष्ठा, वेदीप्रतिष्ठा और कलशारोहणकी विधियोंका संकलन किया है। हमारे प्रान्तके स्वर्गीय प्रतिष्ठाचार्य श्री पं० मोतीलालजी वर्णी, पं० मूलचन्द्रजी सिलौआ और पं० बालचन्द्रजी राजवैद्यके सम्पर्कमें रहकर तथा इनकी हस्तलिखित पोथियोंका अवलोकन कर मैंने अपनी सुविधाके लिये जो सामग्री संकलित की थी उसे इस प्रतिष्ठापाठसे मिलान कर परिष्कृत किया है। कुछ सामग्री उक्त विद्वानोंकी पोथियोंसे भी संगृहीत है। इस पुस्तकमें मेरे स्वयंके निर्मित १५ श्लोक ही हैं, शेष सब संगृहीत हैं और जहाँसे जो सामग्री संगृहीत की है उसका उल्लेख पादटिप्पणमें कर दिया है। जहाँ टिप्पण नहीं है वहाँ श्री जयसेनाचार्यके प्रतिष्ठापाठसे संगृहीत है ऐसा समझना चाहिये।

मैंने यह संग्रह बहुत पहले कर रक्खा था परन्तु इसे प्रकाशित करानेकी ओर दृष्टि नहीं गई। अभी एक दो जगह प्रतिष्ठाचार्यों को जब मैंने केवल विवाहविधि लेकर प्रतिष्ठा कराते हुए देखा तब मुझे बहुत दुःख हुआ और मैंने निश्चय किया कि छोटा मोटा जो कुछ भी संग्रह है उसे प्रकाशित करा दिया जाय जिससे विद्वानोंकी कठिनाई दूर हो सके। यह विधि पूर्ण है यह मेरा दावा नहीं। मेरा तो यह अल्प प्रयास है जिसे मैं विद्वानों की सुविधाके लिये बड़ी नम्रतासे प्रस्तुत कर रहा हूँ।

श्री जयसेनाचार्यने प्रतिष्ठाचार्यका लक्षण लिखते हुए लिखा है—

स्याद्वादधुर्योऽक्षरदोषवेत्ता निरालसो रोगविहीनदेहः।
प्रायः प्रकर्त्ता दमदानशीलो जितेन्द्रियो देवगुरुप्रमाणः ॥१॥
शास्त्रार्थसंपत्तिविदीर्णवादो धर्मोपदेशप्रणयः क्षमावान्।
राजादिमान्यो नययोगभावी तपोव्रतानुष्ठितपूतदेहः ॥२॥
पूर्वं निमित्ताद्यनुमापकोऽर्थमदेहहारी यतनैकचित्तः।
सद्‌ब्राह्मणो ब्रह्मविदां पटिष्ठो जिनैकधर्मा गुरुदत्तमन्त्रः ॥४॥
भुक्त्वा हविष्यान्नमरात्रिभोजी निद्रां विजेतुं विहितोद्यमश्च।
गतस्पृहो भक्तिपरात्मदुःखग्रहाणये सिद्धमनुर्विविक्तः ॥५॥
कुलक्रमायातसुविद्यया यः प्राप्तोपसर्गं परिहर्तुमीशः।
सोऽत्र प्रतिष्ठाविधिषु प्रयोक्ता श्लाघ्योऽन्यथा दोषवती प्रतिष्ठा॥६
शास्त्रानभिज्ञं कुलजातदूरं लोभनलप्लुष्टमशान्तशीलम्।
परम्पराशून्यमपार्थसाथं दूरात् त्यजन्तु प्रणिधानमिष्ठा ॥७॥

जो स्याद्वाद विद्यामें प्रवीण हो, अक्षरोंके उच्चारणादि सम्बन्धी दोषोंको जाननेवाला हो, आलस्य रहित हो, नीरोग शरीर हो,

क्रियाकुशल हो, इन्द्रिय दमन और दान करना जिसका स्वभाव हो, देव और गुरुको प्रमाण माननेवाला हो, शास्त्रार्थरूप सम्पत्ति के द्वारा मिथ्यावादोंका खण्डन करनेवाला हो, धर्मोपदेशका स्नेही हो, क्षमावान् हो, राजादिसे मान्य हो, नयके योगको समझनेवाला हो, तप और व्रतसे जिसका शरीर पवित्र हो, निमित्तिज्ञानी हो, पदार्थके संदेहको दूर करनेवाला हो, पुराण ही जिसका चित्त लगा हो, उत्तम ब्राह्मण हो, ब्रह्म आत्माके जाननेवालोंमें अत्यन्त पटु हो, जिनधर्मका माननेवाला हो, गुरुने जिसे मन्त्र प्रदान किया हो, जो पवित्र भोजन करता हो, रात्रि भोजनका त्यागी हो, निद्राके जीतनेमें समर्थ हो, तृष्णा रहित हो, भक्तिमें तत्पर आत्मीय जनोंका दुःख दूर करनेके लिये जिसे नाना प्रकारके मन्त्र सिद्ध हैं, विधिका जाननेवाला हो और जो कुल क्रमागत विद्याके द्वारा प्राप्त उपसर्ग का निराकरण करनेमें समर्थ हो वही प्रशंसनीय प्रतिष्ठाचार्य है। अन्यथा प्रतिष्ठा दोषपूर्ण होगी।

इस प्रकार प्रतिष्ठाचार्यका लक्षण बनाकर जयसेनाचार्यने यजमानोंको भी प्रेरित किया है कि वे ऐसे प्रतिष्ठाचार्यको दूरसे ही छोड़ देवें जो शास्त्रसे अपरिचित हो, अपने कुलका प्रलाप करनेवाला हो, लोभरूपी अग्निसे जल रहा हो, अशान्त चित्त हो, गुरु परम्परासे शून्य हो, और अर्थको नहीं जाननेवाला हो।

वसुनन्दि प्रतिष्ठासार संग्रहमें तो और भी अधिक विस्तारसे लिखा है। उक्त लक्षणको देखते हुए हमारा प्रतिष्ठाचार्यों से नम्र अनुरोध है कि इस कार्यमें किसी प्रकारका छल नहीं होना चाहिये। गृहस्थ भोले हैं व आपको महान् समझकर प्रतिष्ठाका कार्य सौंपते हैं और आप अपनी अयोग्यता अथवा आलस्यसे पूर्ण विधि नहीं कराते हैं तो यह महान् पाप बन्धका कारण है। यदि आपसे पाठ अथवा मन्त्रोंका उच्चारण ठीक ठीक नहीं बनता है अथवा आपके

आचार विचारमें पवित्रता नहीं है तो यह काम किसी कुशल विद्वान को सौंप दीजिये और उसके समक्ष रहकर स्वयं अभ्यास कर लीजिये। गृहस्थ, विद्वान्का सम्मान करें यह उनका कर्तव्य है परन्तु विद्वान्को इस कार्यसे अर्थकी आकांक्षा नहीं रखना चाहिए। अर्थ कमानेके साधन संसारमें अनेक हैं। उनसे आप अपनी इच्छाएँ पूर्ण करें। प्रतिष्ठाके कार्यको व्यवसायका साधन न बनायें।

गृहस्थोंसे भी अनुरोध है कि वे प्रतिष्ठाके कार्यमें सामग्री आदि का संकलन करते हुए किसी प्रकारकी कृपणता न करें। यद्वा तद्वा विधि करा लेनेसे जिनमार्गकी प्रभावना न होकर अप्रभावना ही होती है। जयसेनाचार्यने लिखा है—

सामग्रीयोजने शाठ्यं कार्पण्यं योगभञ्जनम्।
न कदाचिन्मनस्वीति कुर्यात्स्वहितकामुकः॥

आत्महितैषी मनस्वी मानवको चाहिये कि वह सामग्रीके इकट्ठ करनेमें मूर्खता, कंजूसी और मन वचन कायकी कुटिलता न करे। जहाँ जैसी सामग्री चाहिये वहाँ वैसी सामग्री इकट्ठी करे और प्रतिष्ठाचार्यके कहे अनुसार प्रवृत्ति करे।

अधिकांश देखा जाता है कि पूजा विधान अथवा जुलूस आदि के कार्य देरसे प्रारम्भ किये जाते हैं अतः पीछे समयकी कमी देख बहुत सी विधि छोड़ देनी पड़ती है अथवा जल्दी जल्दी करनी पड़ती है इसलिये सब कार्य समयसे प्रारम्भ करना चाहिये जिससे निराकुलतासे सब कार्य सम्पन्न हो सकें।

वेदीप्रतिष्ठा आदिके कार्यों का आयोजन कमसे कम तीन दिन का रखना चाहिये, क्योंकि कम दिनोंमें विधि पूर्ण नहीं हो सकती। इस सामग्री के संकलन के लिये श्रीमान् रत्नत्रय पं० वारेलालजी टीकमगढ़ने अपनी संकलित प्रतियाँ भेजकर महान उपकार किया

है इसलिये मैं उनका आभारी हूँ। कलशारोहणकी दूसरी विधि तथा नीव भरनेकी विधि खासकर उनके संकलनोंके आधारसे लिखी गई हैं।

आशा है इस संकलनसे पञ्चकल्याणकप्रतिष्ठाको छोड़कर अन्य सामान्य विधि विधानके कार्योंमें विद्वानोंको कुछ सहयोग प्राप्त होगा। मैं प्रतिष्ठा विषयसे पूर्ण अनभिज्ञ नहीं हूँ फिर भी अभिज्ञ विद्वानोंका ध्यान इस कमीकी पूर्तिकी ओर आकृष्ट हो इस भावनासे मैंने यह प्रयास किया है। त्रुटियोंके लिये विद्वानोंसे क्षमाप्रार्थी हूँ।

दूरवर्ती होनेसे प्रूफ की अशुद्धियाँ अधिक रह गई है जिन्हें पाठक शुद्धिपत्रक देखकर शुद्ध कर लें।

सागर

विनीत
पन्नालाल जैन

कृतज्ञता प्रकाश

इस पुस्तिकामें मन्दिर वेदी प्रतिष्ठा तथा कलशारोहण आदि की विधि संगृहीत की गई है। जिन विद्वानोंके सहयोग अथवा उनकी पुस्तिकाओंके समहसे इस कार्यमें सहायता ली गई है उन सबका उल्लेख पादटिप्पणमें तत्तत् स्थानों पर किया गया है। पुस्तिका तैयार होने पर बीनामें सम्पन्न विद्वद्गोष्ठीके समय उपस्थित विद्वानों को दिखलाई गई थी। खास कर श्रीमान् पं० जगन्मोहनलालजी शास्त्री कटनी और सहितासूरि श्रीमान् पं० नाथूलालजी इ दौरने इसे आदि से अन्त तक देखकर उचित सुझाव दिये। उनके सुझावके अनुसार इसमें से कितने ही अंश अलग कर दिये गये और कितने ही अंश नये समाविष्ट किये गये। श्री पं० नाथूलाल जी इसे अपने साथ ले गये और सुविधानुसार उन्होंने स्वयं मन्त्र आदि शुद्ध किये। प्रतिष्ठाचार्य पं० बारेलालजी टीकमगढ़ने भी आद्यन्त अवलोकन कर अनेक मन्त्रों तथा यन्त्रोंके चित्र बनाकर इसे विभूषित किया है। इसके लिये मैं प्रतिष्ठाशास्त्र के मर्मज्ञ इन विद्वानोंका अत्यन्त आभारी हूँ।

विद्वद्गोष्ठीके समय बीनामें वर्णी ग्रन्थमाला वाराणसीकी भी बैठक सम्पन्न हुई थी। उसमें श्रीमान् पं० फूलचन्द्रजी शास्त्री आदि विद्वानोंने ग्रन्थमालाकी ओरसे इसे प्रकाशित करनेकी स्वीकृति दी जिससे समस्त प्रेसकापी ग्रन्थमालाके कार्यालयमें भेज दी गई। अब सुविधानुसार ग्रन्थमालाकी ओरसे ही इसका प्रकाशन हो रहा है। श्री पं० फूलचन्द्रजीको छपाई की व्यवस्था करने आदि में पर्याप्त श्रम करना पड़ा है जिसके लिये मैं उनके प्रति कृतज्ञता प्रकाशके अतिरिक्त क्या कर सकता हूँ?

आशा करता हूँ कि इस छोटेसे संकलनसे हमारे नये विद्वानोंको प्रतिष्ठाके कार्यमें कुछ सहयोग अवश्य प्राप्त होगा।

सागर
२०-११-६१

विनीत
पन्नालाल जैन

अशुद्धि शोधन-पत्रक

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
आय वक्तव्य			
१	७	विनाधा	विनोबा
६	५	निमित्ति ज्ञानी	निमित्तज्ञानी
६	७	मस प्रात्मा	मस प्रात्मा
६	१५	बनादर	बादर
८	६	अनमित्र	अमित्र
पुस्तक			
५	१०	शेल मनुओ	शले वे मनुओ
६	६	परिक्षिनान्	परिनिष्पान्
१०	१	परिविश्वयाम	परिवेषयाम
१०	८	परमीष्टिनेऽस्य	परमेष्ठिनेऽस्य
११	७	ग्नुप	क्षुप
१४	६	साधुम्योऽर्च्यते	साधु योऽभ्यर्च्यते
१७	११	सुग्नोद्गाभ	सुग्नोद्गतप्रभ
२०	१२	ओम्	ओम्
२४	१५	चतुर्निकाय	त्रिगुणिकाय
२५	१८	मीरान्ताम्	मीरान्ताम
३६	१	बनाने	बनावे
३६	१४	मामोदा	ममोदा
४४	१४	मन्दारसाग्निमूगम्	महारसाग्निमूर्पिते
६४	२०	खण्डित	खण्डित
७६	२३	उद्दत	उद्दत

विषय-सूची

विषय			पृष्ठ
१ मङ्गलपञ्चक			१
२ पञ्चपरमेष्ठीमण्डलकी तैयारी			२
३ जप प्रारम्भ करनेकी विधि			३
४ मङ्गलाष्टक			४
५ अङ्गन्यास			६
६ नवदेवपूजन		—	१०
७ विनायकयन्त्रपूजन	—		१७
८ जपका संकल्प			१६
९ क्षुद्र जाप्यमन्त्र	—	—	२०
१० इन्द्रप्रतिष्ठा			२१
११ मण्डपप्रतिष्ठा	-		२५
१२ पूजास्थाप	~		२८
१३ अष्टदलकमलपूजा			२६
१४ शान्तिधारा		—	३१
१५ माधनन्दिकृत अभिषेकपाठ			३३
१६ रथयात्रा और नगरकीर्तन	—	—	३८
१७ शुद्धिविधान	—	—	४०
१८ आचार्यभक्ति	—	—	५५
१९ श्रुतभक्ति	—	—	५५
२० महर्षिपर्युपासन	—	—	५६

विषय			पृष्ठ
२१ चारित्रभक्ति	—	—	५६
२२ देवस्थापन	—	..	६२
२३ वर्तमानचतुर्विंशतितिनपूजन			६२
२४ कलशारोहणकी विधि (१)	..	—	६८
२५ हवनकी विधि और मन्त्र	—		६९
२६ सिद्धभक्ति (प्राकृत)	—	—	७८
२७ सिद्धभक्ति (संस्कृत)	..		७९
२८ कलशारोहणविधि (२)			८२
२९ ध्वजारोहण	..	—	९१
३० नीव भरनेकी विधि		—	९७
३१ शान्तिकर्मके अन्तर्गत पार्श्वनाथस्तोत्र		—	९५
३२ शान्त्यष्टक	..		९८
३३ शान्तिभक्ति		..	१००
३४ शान्तिमन्त्र			१०१
३५ वृहच्छान्तिमन्त्र			१०३
३६ नूतन गृहशुद्धि तथा प्रवेश		—	१०८
३७ अन्त मङ्गल	..		१०८

मन्दिर-वेदीप्रतिष्ठा-कलशारोहणविधि

मङ्गलपञ्चक

हिन्दी गीतिका छन्द

गुणरत्नभूषा विगतदूषाः सौम्यभावनिशाकराः
सद्बोधभानुविभाविभासितदिक्चया विदुषांवराः ।
निःसीमसौख्यसमूहमण्डितयोगखण्डितरतिवराः
कुर्वन्तु मङ्गलमत्र ते श्रीवीरनाथजिनेश्वराः ॥१॥
सद्ध्यानतीक्ष्णकृपाणधारानिहतकर्मकदम्बका
देवेन्द्रवृन्दनरेन्द्रवन्द्या. प्राप्तसुखनिकुरम्बकाः ।
योगीन्द्रयोगनिरूपणीयाः प्राप्तबोधकलापकाः
कुर्वन्तु मङ्गलमत्र ते सिद्धा सदा सुखदायकाः ॥२॥
आचारपञ्चकचरणचारणचुञ्चव समनाधरा
नानातपोमरहेतिहापितकर्मकाः सुरिताकराः ।
गुप्तित्रयीपरिशीलनादिविभूषिता वदतां वराः
कुर्वन्तु मङ्गलमत्र ते श्रीसूरयोऽजितशमराः ॥३॥
द्रव्यार्थभेदविभिन्नश्रुतमरपूर्णतत्त्वनिमालिनो
दुर्योगियोगनिरोधदक्षाः सत्कलवरगुणजालिन ।
कर्तव्यदेशनतत्परा विज्ञानगौरवशालिनः
कुर्वन्तु मङ्गलमत्र ते गुरुदेवदीधितिमालिनः ॥४॥

सयमसमित्यावश्यकापरिहाणिगुप्तिविभूषिता
पञ्चाक्षदान्तिसम्युता. समतासुधापरिभूषिता. ।
भूपृष्ठविष्टरशायिनो विविधर्द्धिवृन्दविभूषिता
कुर्वन्तु मङ्गलमत्र ते मुनय' सदा शमभूषिता १ ॥५॥

मन्दिरप्रतिष्ठा, वेदीप्रतिष्ठा और कलशारोहणविधिका उत्सव कमसे कम तीन दिनका रखना चाहिये। इस कार्यके लिये मन्दिरसे बाहर स्वच्छ स्थानमें सुन्दर मण्डप बनवाना चाहिये। मण्डपमें चबूतरा अथवा लकड़ीके तख्त पर विमानकी स्थापना कर उसमें श्री जिनेन्द्रदेवकी प्रतिमा विराजमान कर। श्री जी के सामने एक दूसरा तख्त लगाकर उस पर पञ्चरङ्गके चूर्णसे पञ्चपरमेष्ठीका मण्डल बनाव। मण्डलमें सर्व प्रथम श्रीफल गोलाकार खींचकर उसमें ॐ लिख। उसके बाद पाँच वलय बनाव। पहले वलयके ४६ खण्ड बनाकर उनमें अरहंतके ४६ गुणोंकी स्थापना कर। दूसरे वलयमें ८ खण्ड बना कर सिद्धके आठ गुणों की स्थापना कर। तीसरे वलयमें ३६ खण्ड बनाकर आचार्यके ३६ गुणोंकी स्थापना कर। चौथे वलयमें २५ खण्ड बनाकर उपाध्यायके २५ गुणोंकी स्थापना करे और पाँचवें वलयमें २८ खण्ड बनाकर साधुके २८ गुणोंकी स्थापना कर। मण्डलके चारों कोनोंमें स्वस्तिक बनाकर उनपर नारियल, तूल तथा मालाओंसे सुशोभित चार मङ्गल कलश रक्खे। मङ्गल कलशों के समीप घृतके दीपक प्रज्वलित कर। मंडलके पास अलग टेबल पर एक चौकी रख और उसपर सिंहासन रखकर श्री जिनेन्द्रदेवकी धातुकी प्रतिमा विराजमान कर। प्रतिमाके चारों ओर आठ

---

१ यह मंगलपद्यक संकलयिता द्वारा निर्मित है।

अतिशय तथा अष्टमङ्गल द्रव्य रखकर शोभा बढ़ावे। प्रतिमाके ऊपर छत्रत्रय लगाये जायें और मण्डलको चमरोंसे सुशोभित किया जाय। मण्डलके सामने आगे पूजाके लिए एक मञ्च अलग लगाना चाहिये। जहाँ पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख होकर पूजक पूजाके लिए खड़े हों। इस प्रकार मंडलकी तैयारी कर मन्दिरके भीतर एकान्त स्वच्छ और हवादार स्थानमें जप प्रारम्भ करना चाहिये।

कार्यकी निर्विघ्न समाप्तिके लिये सवालक्ष, इक्कत्तर हजार, इक्यावन हजार अथवा इक्कीस हजार जप अवश्य करना चाहिये। जप करनेवाले व्यक्ति मिथ्यात्व, अन्याय और अभक्ष्यके त्यागी हों, अनुष्ठानके दिनोंमें अवश्य ही ब्रह्मचर्यका पालन करते हों, रात्रि में चारों प्रकारके आहारके त्यागी हों और शुद्ध भोजन करते हों। मन्त्रका उच्चारण शुद्ध कर सकते हों और अपने कार्यमें रुचि, श्रद्धा और उत्साह रखते हों। आठ व्यक्ति इस कार्यको निराकुलता से पूरा कर सकते हैं इसलिये इन पद्धतिसे निश्चित कर प्रतिष्ठाचार्य सब विधि समझा देवे। जप करनेवाले महाशय शुद्ध और नये धोती दुपट्टे पहनें। एक वस्त्र धारण कर जपमें न बैठें।

जिस स्थान पर जप करना हो वहाँ बीचमें एक बड़ा बाजौटा रख कर उसपर पुष्पोंसे एक नन्द्यावर्त स्वस्तिक बनावे। फिर पाँच कलशा को नारियल, फूल, माला आदिसे सजाकर तैयार रखे। ये कलश भले ही मिट्टीके क्यों न हों पर काममें लाये हुए न हों। एक कलशमें हल्दी, सुपारी तथा अक्षतोंके साथ १।) सवा रुपया डाल दे। शेष कलशोंमें हल्दी, सुपारी और अक्षत डाल दे। प्रधान कलश, जिसमें रुपया डाला गया है बाजौटेके बीचमें रक्खा जाय और शेष चार कलश उसके चारों दिशाओंमें रक्खे जावें। उसी बाजौटा (चौकी) पर पूर्व या उत्तर की ओर एक सिंहासन पर जिनायक यन्त्र विराजमान किया जावे। यदि यन्त्रको पूर्वमें विराजमान किया है तो उत्तरमें और उत्तरमें

विराजमान किया है तो पूर्वमें घृतका एक दीपक प्रज्वलित कर रखा जावे। इस दीपककी अखण्ड ज्योति जलती रहे ऐसी व्यवस्था करना चाहिये। मिट्टी अथवा लकड़ीके चार थपा बनाकर उसमें पाँच रङ्गकी छोटी छोटी ध्वजाएँ लगावे और वे थपा वाजौटाके चारों कोनोंमें रख दे। जप करनेवालोंका मुख दक्षिण दिशाकी ओर न हो। जप करनेवालोंके सामने एक धूपघट, एक धूपपात्र, एक स्फटिक अथवा सूतकी माला और गणनाके लिए कुछ बादाम या लौंग रखी रहे। जपका मन्त्र मुखाग्र याद न हो तो एक कागज पर लिखकर सामने रख लेना चाहिये। यन्त्रके सम्मुख पूजाके लिये अष्ट द्रव्य तथा बर्तनोंका सेट जमा कर रख लेना चाहिये। रक्षासूत्र और यज्ञोपवीत भी पहलेसे तैयार कर लेना चाहिये।

इतनी सब तैयारी करा लेनेके बाद प्रतिष्ठाचार्य जापमें बैठने वाले महाशयोंको अपने अपने आसन पर खड़ाकर सब प्रथम नीचे लिखा मङ्गलाष्टक पढ़े। सबके हाथमें पुष्प दे दे और—

'कुर्वन्तु ते मङ्गलम्'

के उच्चारणके साथ वे पुष्प वाजौटा पर स्थापित कलशके आगे थोड़े थोड़े छोड़ते जावें।

मङ्गलाष्टक

श्रीमन्नम्रसुरासुरेन्द्रमकुटप्रद्योतरत्नप्रभा
भास्वत्पादनखेन्दव प्रवचनाम्भोधावववस्थायिनः।
ये सर्वे जिन सिद्ध सूर्यनुगतास्ते पाठकाः साधव'
स्तुत्या योगिजनैश्च पञ्चगुरव' कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥१॥

नाभेयादिजिनाः प्रशस्तवदना' ख्याताश्चतुर्विंशति'
श्रीमन्तो भरतेश्वरप्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश।

ये विष्णु प्रतिविष्णु लाङ्गलधराः सप्तोत्तरा विंशति-
स्त्रैलोक्याभयदास्त्रिषष्टिपुरुषा कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥२॥
ये पञ्चौषधऋद्धय श्रततपावृद्धिंगता पञ्च ये
ये चाष्टाङ्गमहानिमित्तकुशलाश्चाष्टौ वियचारिण' ।
पञ्चज्ञानधराश्च येऽपि विपुला ये सिद्धिबुद्धीश्वरा
सप्तैते सकलार्चिता मुनिवरा. कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥३॥
ज्योतिर्व्यन्तर भावनामरगृहे मेरौ कुलाद्रौ स्थिता
जम्बू शालमलि-चैत्यशाखिषु तथा वक्षारराप्याद्रिषु
इष्वाकारगिरौ च कुण्डलनगे द्वीपे च नन्दीश्वरे
शैले मनुजोत्तरे जिनगृहा कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥४॥
कैलासो वृषभस्य निर्वृतिमहो वीरस्य पावापुरी
चम्पा वा वसुपूज्यसज्जिनपते सम्मेदशैलोऽर्हताम् ।
शेषाणामपि चोर्जयन्तिशिखरी नेमीश्वरस्यार्हतो
निर्वाणावनय प्रसिद्धविभवा कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥५॥
जायन्ते जिन चक्रवर्ति बलभृद् भोगीन्द्र कृष्णादयो
धर्मादेव दिगङ्गनाङ्गविलसच्छुभ्रयशश्चन्दना' ।
तद्धीना नरकादियोनिषु नरा दुःख सहन्ते ध्रुव
स स्वर्गात्सुखरमणीयकपद कुर्यात् सदा मङ्गलम् ॥६॥
यो गर्भावतरोत्सवो भगवतां जन्माभिषेकोत्सवो
यो जात परिनिष्क्रमेण विभवो यः केवलज्ञानभाक् ।

य कैवल्यपुरप्रवेशमहिमा सम्पादितः स्वर्गिभिः
कल्याणानि च तानि पञ्च सतत कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥७॥
आकाशमूर्त्यभावादघकुलदहनादग्निरुर्वी क्षमाप्त्या
नै सङ्ख्याद्वायुरापः प्रगुणशमतया स्वात्मनैष्ठ्यात्सुयज्ञा
सोमः सौम्यत्वयोगाद्रविरिति च विदुस्तेजसः सन्निधानात्
विश्वात्मा विश्वचक्षुर्वितरतु भवता मङ्गल श्रीजिनेश ॥८॥
इत्थ श्रीजिनमङ्गलाष्टकमिद सौभाग्यसम्पत्कर
कल्याणेषु महोत्सवेषु सुधियस्तीर्थंकराणां मुखात् ।
ये शृण्वन्ति पठन्ति तेश्च सुजनैर्धर्मार्थकामान्विता
लक्ष्मीराधिपते व्यपायरहिता निर्वाणलक्ष्मीरपि ॥९॥

अङ्गन्यास

मङ्गलाष्टकके बाद शरीरकी रक्षा और तत्तद् दिशाओंसे आने-वाले विघ्नोंकी निवृत्तिके लिये नीचे लिखे अनुसार अङ्गन्यास कर। दोनों हाथोंके अगुष्ठसे लेकर कनिष्ठिका पर्यन्त पाँचों अंगुलियोंमें क्रमसे अरहत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु परमेष्ठीकी स्थापना कर। जपमें बैठनेवाले महाशय सर्वप्रथम दोनों हाथोंके अगूठोंको बराबरीसे मिलाकर सामने करें तथा—

'ओं ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः'

इस मन्त्रका उच्चारण कर शिर झुकावें। फिर दोनों हाथोंकी तर्जनियों (अगूठेके पासकी अगुलियोंको) बराबरीसे मिलाकर सामने करें और—

'ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः

यह मन्त्र पढ़कर शिर झुकावें। फिर बीचकी दोनों अंगुलियोंको मिलाकर सामने करें और—

'ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः

यह मन्त्र पढ़कर शिर झुकावें। फिर दोनों अनामिकाओंको मिलाकर सामने कर और—

'ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं अनामिकाभ्यां नमः'

यह मन्त्र पढ़कर शिर झुकावें। फिर दोनों छिंगुलियोंको मिलाकर सामने करें और—

ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः कनिष्ठिकाभ्यां नमः'

यह मन्त्र पढ़कर शिर झुकावें। फिर दोनों हथेलियोंको बराबर सामने फैलाकर—

'ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः करतलाभ्यां नमः'

यह मन्त्र पढ़कर शिर झुकावें। फिर दोनों कर पृष्ठोंको बराबर सामने फैलाकर—

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः करपृष्ठाभ्यां नमः

यह मन्त्र पढ़कर शिर झुकावें। तदनन्तर—

'ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां मम शीर्षं रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर दाहिने हाथसे शिरका स्पर्श करें। फिर—

'ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं मम वदनं रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर मुखका स्पर्श करें।

'ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं मम हृदयं रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर हृदयका स्पर्श करें।

ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं मम नाभिं रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर नाभिका स्पर्श करें।

'ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः मम पादौ रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर पैरोंका स्पर्श करें।

'ओं ह्रीं णमो अरहंताणं ह्रां पूर्वदिशायां आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर पूर्व दिशामें पुष्प अथवा पीले सरसों फेंकें।

'ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं दक्षिणदिशायां आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर दक्षिण दिशामें पुष्प या पीले सरसों फेंकें।

ओं ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं पश्चिमदिशायां आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा'

यह मन्त्र पढ़कर पश्चिम दिशामें पुष्प अथवा पीले सरसों फेंकें।

'ओं ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं उत्तरदिशायां आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर उत्तर दिशामें पुष्प या पीले सरसों फेंकें।

ओं ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः सर्वदिशायां आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा'

यह मन्त्र पढ़कर दशों दिशाओंमें पुष्प या पीले सरसों फेंकें।

ओं ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां मां रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर अपने शरीरका स्पर्श करें।

'ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं मम वस्त्रं रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर अपने वस्त्रका स्पर्श करें।

ओं ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं मम पूजाद्रव्यं रक्ष रक्ष स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर पूजाकी सामग्रीका स्पर्श करें।

'ओं ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं मम स्थलं रक्ष रक्ष स्वाहा'

यह मन्त्र पढ़कर अपने खड़े होनेकी जगहकी ओर देखें।

ओं ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः सर्वं जगत् रक्ष रक्ष स्वाहा'

यह मन्त्र पढ़कर चुल्लूभर जल दो सब ओर फेंकें।

'क्षा ह्रीं क्ष् क्षौं क्ष सर्वदिशासु, ह्रीं ह्रीं ह् ह्रौं ह सर्वदिशासु ओं ह्रीं अमृत अमृतोद्भव अमृतवर्षिणि अमृत स्रावय स्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय ठ ठ ह्रीं स्वाहा

इस मन्त्रसे चुल्लूमें जलको मन्त्र कर अपने शिर पर सींचें। फिर प्रतिष्ठाचार्य—

'ओं नमो त सर्व रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा'

इस मन्त्रसे पुष्प अथवा पीले सरसोंको सात बार मंत्र कर परिचारकोंके सिर पर डाले। और—

'ओं हूं क्ष फट् किरिटि किरिटि घातय घातय परविघ्नान् स्फोटय स्फोटय सहस्रखण्डान् कुरु कुरु परमुद्रां छिन्द छिन्द परमन्त्रान् भिन्द भिन्द वा वा हूं फट् स्वाहा

इस मन्त्रसे पुष्प अथवा पीले सरसों मंत्र कर सब दिशाओंमें फेंके।

तदनन्तर प्रतिष्ठाचार्य—

'ओं नमोऽर्हते सर्व रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा

यह मन्त्र पढ़कर जप करनेवाले महाशयोंके दाहिने मणिबन्ध (कलाई) में रक्षासूत्र बाँधे।

> मङ्गलं भगवान् वीरो मङ्गलं गौतमो गणी।
>
> मङ्गलं कुन्दकुन्दाद्यो जैनधर्मोऽस्तु मङ्गलम्॥

यह पढ़कर जप करनेवाले अपने ललाट पर केशरका तिलक लगावें। और—

ओं नमः परमशान्ताय शान्तिकराय पवित्रीकरणाया, रत्नत्रयस्वरूपं यज्ञोपवीतं दधामि मम गात्रं पवित्रं भवतु अर्हं नमः स्वाहा।

इस मन्त्रका मन्त्रसे उच्चारण कराकर यज्ञोपवीत धारण करावे। इसके बाद जप करनेवाले महाशय अपने अपने आसनों पर बैठ जावें। और यन्त्रके सामने बैठनेवाला नीचे लिखे अनुसार नवदेवपूजन तथा विनायकयन्त्रकी पूजा करे। पूजाके पहले—

'ओं भूर्भुवः स्वरिह विघ्नौघवारक यन्त्रं वयं परिषिञ्चयाम'
यह मंत्र पढ़कर यन्त्र का अभिषेक करे।

नवदेवपूजन

अनन्तकालसम्भवद्भवभ्रमणभीतितो
निवार्य सद्धर्म् स्वयं शिवेऽसमार्यसद्मनि।
जिनेश विश्वदर्शि विश्वनाथ मुख्यनामभिः
स्तुत जिन महामि नीरचन्दनैः फलैरहम्॥१॥

ओं ह्रीं अनन्तभवार्णवभयनिवारकानन्तगुणस्तुतायार्हत्परमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मकाष्ठदहनमुक् स्वशक्तितः
सम्प्रकाश्य महनीयमानुभिः।
लोकतत्त्वमचले निजात्मनि
संस्थितं शिवमहीपतिं यजे॥२॥

ओं ह्रीं अष्टकर्मविनाशकानन्तज्ञानादिस्वभावसकलसिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सार्थमाहमनवद्यविद्यया शिक्षणान्मुनिमहात्मनां चरम्।
मोक्षमार्गमलघुप्रकाशकं संयजे गुरुवरं परेश्वरम्॥३॥

ओं ह्रीं अनवद्यविद्याविद्योतनायाचार्यपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामि स्वाहा।

द्वादशाङ्गपरिपूर्णसच्छ्रुतं यः परानुपदिशेत पाठतः।
बोधयत्यमिह्विदार्थसिद्धये तानुपास्य यजयामि पाठकान्॥

ओं ह्रीं द्वादशाङ्गपरिपूर्णश्रुतपारगाद्यबुद्धिविभवोपाध्यायपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

उग्रमर्घ्यंतपसाभिसस्कृतिं ध्यानतानिनिनिवेशिवारमकम् ।
साधक शिवरमासुखाप्तये साधुमीड्यपदलब्धयेऽर्चये ॥५॥

ओं ह्रीं घोरतपोऽभिसंस्कृतध्यानस्वाध्यायनिरतसाधुपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

यो मिथ्यात्वमतङ्गजेषु तरुणमृगेन्द्रायते
एकान्तातपतापितेषु समरत्पीयूषमेघायते ।
श्वभ्राम्भ्यप्रहितप्रवत्सु सदय हस्तावलम्बायते
स्याद्वादध्वजमागम तमभितः सपूजयामो वयम् ॥६

ओं ह्रीं स्याद्वादमुद्राङ्कितपरमजिनागमायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

जिनेन्द्रोक्त धर्म सुदशपुतभेद त्रिविधया
स्थित सम्यक्रत्नत्रयलक्षिकयापि द्विविधया ।
प्रणीत सागारेतरचरणतो ह्यकमनघ
दयारूप वन्दे मखभुवि समास्थापितमिमम् ॥७॥

ओं ह्रीं सम्यग्दर्शनाद्यणीतसाधकधर्मायार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

कृत्याकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान्नित्य त्रिलोकीगतान्
वन्दे व्यन्तरभाननद्युतिधरान्कल्पामरावासगान् ।
सद्गन्धाक्षतपुष्पदामचरुभिर्दीपैश्च धूपैः फलैः
नीराद्यैश्च यजे प्रणम्य शिरसा दुष्कर्मणां शान्तये॥८॥

ओं ह्रीं कृत्याकृत्रिमत्रिलोकस्थितश्रीजिनालयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यावन्ति जिनचैत्यानि विद्यन्ते भुवनत्रये।
तावन्ति सततं भक्त्या त्रिःपरीत्य नमाम्यहम् ॥९॥

ओं ह्रीं त्रिलोकस्थितवीतरागबिम्बेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विनायकयन्त्रपूजा

परमेष्ठिन् मङ्गलादित्रय विघ्नविनाशने।
समागच्छ तिष्ठ तिष्ठ मम सन्निहितो भव ॥१॥

ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुपरमेष्ठिन्! मङ्गल-लोकोत्तम शरणभूत! अत्रावतरावतर संवौषट्।

,, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ।

,, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

स्वच्छैर्जलैस्तीर्थभवैर्जराय
मृत्युप्ररोगापनुदे पुरस्तात्।
अर्हन्मुखान् पञ्चपदान् शरण्यान्
लोकोत्तमान् माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥२॥

ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुमङ्गललोकोत्तमशरणेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सच्चन्दनैर्गन्धहृतालिवृन्दै
र्विवैर्हिमांशुप्रसरावदातैः।
अर्हन्मुखान्पञ्चपदान् शरण्यान्
लोकोत्तमान् माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥२॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुसम्बन्धिलोकोत्तमशरणेभ्यश्चन्दन निर्वपामीति स्वाहा ।

सदक्षतैर्मौक्तिककान्तिपाट-
च्चरैरसितैर्मानसनत्रमित्रैः ।
अर्हन्मुखान् पञ्चपदान् शरण्यान्
लोकोत्तमान्माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥ ४ ॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय अक्षत

पुष्पैरनेकैरसवर्णगन्ध
प्रभासुरैर्वासितदिग्वितानैः ।
अर्हन्मुखान्पञ्चपदान् शरण्यान्
लोकोत्तमान्माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥५॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय पुष्पं

नैवेद्यपिण्डैर्घृतशर्कराक्त-
हविष्यभागै सुरभाभिरामैः ।
अर्हन्मुखान्पञ्चपदान् शरण्यान्
लोकोत्तमान्माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥६॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय नैवेद्य

आरातिकैरत्नसुवर्णरुक्म-
पात्रार्पितैर्ज्ञानविकासहेतोः ।
अर्हन्मुखान्पञ्चपदान् शरण्यान्
लोकोत्तमान्माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥७॥

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय दीपं ---

आशासु यद्धूमवितानमृद्ध
तैर्धूपवृन्दैर्दहनापसर्पैं ।
अर्हन्मुखान् पञ्चपदान् शरण्यान्
लाकोत्तमान्माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥८॥

ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय धूपं

फल्लैरसालैर्वरदाडिमाद्यै
र्हृद्घ्राणहार्यैरमलैरुदारै ।
अर्हन्मुखान्पञ्चपदान् शरण्यान्
लाकोत्तमान्माङ्गलिकान्यजेऽहम् ॥९॥

ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय फलं

न्याणि सर्वाणि विधाय पात्रे
हयनर्घ्यमर्घं नितरामि भक्त्या ।
भवे भक्तिरुदारभावाद्
येषां सुखायास्तु निरन्तराय ॥ १० ॥

अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय अर्घं

ादिमन्तानभवान् जिनेन्द्रान्
अर्हत्पदप्राप्तुपदिष्टधर्मान् ।
श्रियालिङ्गितपादपद्मान्
यजामि भक्त्या प्रकृतिप्रसक्त्यै ॥११॥

ओं ह्रीं अनन्तचतुष्टयसमवसरणलक्ष्मीं बिभ्रतेऽर्हत्परमेष्ठिनेऽर्घ

कर्माष्टनाशाच्युतभावकर्मो
द्भूतान् निजात्मस्वविलासभूपान् ।
सिद्धानन्तानन्त्रिकालमध्ये
गीतान् यजामीष्टविधिप्रसक्त्यै ॥ १२॥

ओं ह्रीं अष्टकर्मकाष्ठगण भस्मीकुर्वते सिद्धपरमेष्ठिने अ

ये पञ्चधाचारपरायणानामग्रेसरा दक्षिणशिक्षिकासु ।
प्रमाणनिर्णीतपदार्थसार्थानाचार्यवर्यान् परिपूजयामि ॥

ओं ह्रीं पञ्चाचारपरायणाचार्यपरमेष्ठिनेऽर्घ

अर्थश्रुत सत्यविबोधनेन
द्रव्यश्रुत ग्रन्थविदर्भणेन ।
येऽध्यापयन्ति प्रवरानुसारा
स्तेऽध्यापका मेऽर्हणया दुहन्तु ॥१४॥

ओं ह्रीं द्वादशाङ्गपठनपाठनोद्यतायोपाध्यायपरमेष्ठिनेऽर्घ

द्विधा तपोभावनया प्रवीणान्
स्वकर्मभूवीधविखण्डनेषु ।
विविक्तशय्यासनहर्म्यपीठ
स्थितान् तपस्विप्रवरान् यजामि ॥ १५ ॥

ओं ह्रीं त्रयोदशप्रकारचारित्राराधकसाधुपरमेष्ठिभ्योऽर्घ

अर्हन्मङ्गलमर्चे सुरनरविद्याधरैकपूज्यपदम् ।
तोयप्रभृतिभिरर्घैर्निर्नीतमूर्त्ति शिवाप्तये नित्यम् ॥१६॥

ओं ह्रीं अर्हन्मङ्गलायार्घ

ध्रौव्योत्पादविनाशनरूपाखिलवस्तुबोधनार्थकरम् ।
सिद्धं मंगलमिति वा मत्वार्चे चाष्टविधवस्तुभिः ॥१७॥

ओं ह्रीं सिद्धमङ्गलायार्घं ०

यद्दर्शनकृतविभवाद् रोगोपद्रवगणा मृगा इव मृगेन्द्रात् ।
दूरं भजन्ति देशं साधुभ्योऽर्घ्यं वै विधिना ॥१८॥

ओं ह्रीं सिद्धमङ्गलायार्घं ०

केवलिमुखावगतया वाण्या निर्दिष्टभेदधर्मगणम् ।
मत्वा भवसिन्धुतरीं प्रयजे तन्मंगलं शुद्ध्यै ॥१९॥

ओं ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्मायार्घ

लोकोत्तममथ जिनराट्पदाब्जसेवनयामितदोषविलयाय ।
शक्त्या मत्वा धूतजलगन्धैरर्चे समीडित प्रभवे ॥ २० ॥

ओं ह्रीं अर्हल्लोकोत्तमायार्घ

सिद्धाश्च्युतदोषमला लोकाग्रं प्राप्य शिवसुखं व्रजिताः ।
उत्तमपथगा लोके तानर्चे वसुविधार्चनया ॥ २१ ॥

ओं ह्रीं सिद्धलोकोत्तमायार्घ

इन्द्रनरेन्द्रसुरेन्द्रैरर्थिततपसां व्रतेषिणां सुधियाम् ।
उत्तममध्यानमसावर्चेऽहं सलिलगन्धपुष्पैः ॥ २२ ॥

ओं ह्रीं साधुलोकोत्तमायार्घ

रागपिशाचविमर्दनमन्त्रं भवे धर्मधारिणामतुलम् ।
उत्तममपगतकामो धूपमर्चे शुचितरकुसुमैः ॥ २३ ॥

ओं ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्मायार्घ०..........

अर्हच्छरणमथार्चेऽनन्तनमुत्पपि न जातु सम्प्राप्तम् ।
नर्तनगानादिविधिमुद्दिश्याष्टकर्मणा शान्त्यै ॥ २४ ॥

ओं ह्रीं अर्हच्छरणायार्घ ० ...

निर्व्याबाधगुणाधिक्यमाप्य शरणं समेतचिदनन्तम् ।
सिद्धानाममृताना भृत्य पूजेयमशुभहान्यर्थम् ॥ २५ ॥

ओं ह्रीं सिद्धशरणायार्घ०

चिदचिद्भेद शरण लौकिकमाप्य प्रयोजनातीतम् ।
त्यक्त्वा साधुजनाना शरण भूत्य यजामि परमार्थम् ॥२६॥

ओं ह्रीं साधुशरणायार्घ

केवलिनाथमुखोद्गतधर्म प्राणिसुखहितार्थमुद्दिष्ट ।
शरणमाप्य तयजन कुर्वे मदविघ्ननाशाय ॥ २७ ॥

ओं ह्रीं केवलिप्रज्ञप्तधर्मशरणायार्घ

ससारदुःखहनने निपुण जनाना
नाद्यन्तचक्रमिति सप्तदशप्रमाणम् ।
सपूजये विविधभक्तिभरावनम्र
शान्तिप्रद भुवनमुख्यपदार्थसार्थं ॥ २८ ॥

ओं ह्रीं अर्हदादिसप्तदशमन्त्रेभ्य समुदायार्घ ०

जयमाला

विघ्नप्रणाशनविधौ सुरमर्त्यनाथा
अग्रे ...न वदन्ति भवन्तमिष्टम् ।

आनाद्यनन्तयुगवर्तिनमत्र मार्ये
निर्ग्रोपवारणकृतेऽहमपि स्मरामि ॥ ? ॥
गणाना मुनीनामधीशत्वतस्ते
गणेशाख्यया ये भवन्त स्तुवन्ति ।
तदा विघ्नसन्दोहशान्तिर्जनाना
करे सलुठत्यायनत्तेमकाणाम् ॥ २ ॥
क्ले प्रभावात्कलुषाशयस्य
जनेपु मिथ्यामदवासितपु ।
प्रवर्तितोऽन्यो गणराजनाम्ना
लम्बोदरो दन्तिमुखो गणेश ॥३॥
रुद्रेण कामज्वलितेन गौर्या
विनोदभारान्मलमुत्प्रदाय ।
कृत पुराणेष्विति वारयित्वा
सन्मगल त कथमुद्गिरन्ति ॥४॥
यतस्त्वमेवासि विनायको मे
दृष्टेष्टयोगान्नविरुद्धवाच ।
त्वन्नाममात्रेण पराभवन्ति
विघ्नारयस्तर्हि किमत्र चित्रम् ॥५॥
जय जय जिनराज त्वद्गुणान्को व्यनक्ति
यदि सुरगुरुरिन्द्र कोटिवर्षप्रमाणम् ।

वदितुमखिलपद्यां पारमाप्नोति नो चेत्
कतिथ इह मनुष्यः स्वल्पबुद्ध्या समेतः ॥६॥

इति अर्हदादिसप्तदशमन्त्रेभ्यः ०

श्रियं बुद्धिमनाकुल्यं धर्मप्रीतिविवर्धनम् ।
जिनधर्मे स्थितिर्भूयाच्छ्रेयो मे दिशतु त्वरा[१] ॥७॥

इति पुष्पाञ्जलि ।

संकल्प

पूजा के बाद प्रतिष्ठाचार्य जाप करनेवालोंके हाथमें कुछ फल, अक्षत, चांदी तथा फूल देकर अथवा कुछ न हो तो जल देकर निम्न लिखित संकल्प पढ़वावे—

'ओम् जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे ... देशे ... प्रान्ते ... नगरे ... वीरे ... मासे ... पक्षे ... तिथौ ... सम्वत्सरे ... जैनमन्दिरे ... कार्यस्य निर्विघ्नसमाप्त्यर्थं ... इति मन्त्रस्य ... इति प्रमितस्य जापस्य संकल्पं कुर्मः निर्विघ्नं समाप्तिर्भवतु अर्ह नमः स्वाहा ।

यह मन्त्र पढ़कर हाथमें लिया हुआ सामान अथवा जल अपने सामने चढ़ा दे ।

प्रतिष्ठाचार्य सबके मुखसे मन्त्रका उच्चारण सुनकर यदि अशुद्ध हो तो शुद्ध करा दे। जप करनेवाले ९ बार णमोकार मन्त्र पढ़कर निश्चित मन्त्रका जाप शुरू कर दें। जापके लिये शुद्ध धूप तैयार की जाय। बाजारकी अशुद्ध धूप अग्निमें खेवणा पापका कारण है। जपमें जपकी प्रधानता है आहुतिकी नहीं, क्योंकि आहुतियाँ हवनके

---

१ जयमाला प्रतिष्ठापाठमें नहीं है, अतः अन्यत्रसे संकलित की गई है।

साथ हो ही जाती हैं। प्रत्येक मालाकी समाप्तिपर धूपकी आहुति दाहिने हाथसे दी जा सकती है। अतः माला दाहिने हाथसे फेरना चाहिये। इसमें आहुतिकी प्रधानता है, अतः आहुति दाहिने हाथसे देना चाहिये। जपकाल महाशयोंको नपरदन्त ब्रह्मचर्यसे रहना और शुद्ध भोजन करना चाहिये। परिणाम अत्यन्त निर्मल रखना चाहिये। जपकालकी दशरथके लिये एक परिचारक पासमें नियुक्त रखना चाहिये। जपकाल परस्पर बातचीत न करें। जपके लिए जो सङ्कल्प किया है उसे एक कागजपर लिखकर मध्य कलशके पास रख लेना चाहिए। एक व्यक्ति कागजपर जपका हिसाब लिखता रहे। निश्चित अवधिके भीतर अपना सङ्कल्पित जप पूरा कर लेना चाहिये।

जापके कुछ मन्त्र

बृहच्छान्तिमन्त्र—

'ओम् णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं। चत्तारि मंगलं अरहंता मंगलं सिद्धा मंगलं साहू मंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा अरहंता लोगुत्तमा सिद्धा लोगुत्तमा साहू लोगुत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि अरहंते सरणं पव्वज्जामि सिद्धे सरणं पव्वज्जामि साहू सरणं पव्वज्जामि केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि। ह्रीं शान्ति कुरु कुरु स्वाहा।

मध्य शान्तिमन्त्र—

'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा सर्वशान्ति कुरु कुरु स्वाहा।

लघु शान्तिमन्त्र—

'ओं ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा सर्व शान्ति कुरु कुरु स्वाहा।

वेदीप्रतिष्ठा कलशारोहण तथा बिम्बस्थापनके समय जापमन्त्र—

उन्हें इन्द्र बनाया जावे। यदि इनकी पत्नी इन्द्राणी बनना चाहती हैं तो उसमें भी उक्त विशेषताएँ होनी आवश्यक हैं। साथ ही वह माहसे अधिक गर्भवती अथवा अधिक छोटे बच्चेवाली न हो, अन्यथा विधि विधानमें आकुलता हो सकती है। इन्द्र इन्द्राणियोंको उत्तम पीतवस्त्र धारण करावें, मुकुट बाँधें तथा निम्नलिखित मन्त्र द्वारा रक्षासूत्र बाँधें।

'ओं नमोऽर्हते सर्व रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा'।

फिर निम्नलिखित मन्त्र द्वारा अमृतस्नान करावे—

'ओम् अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय हं सः क्ष्वीं क्ष्वीं हं सः स्वाहा'।

(इस मन्त्रको पढ़कर प्रतिष्ठाचार्य इन्द्र-इन्द्राणियों पर जलके छींटे डाले।

तदनन्तर चन्दन, मुकुट, माला, केयूर हार, कुण्डल आदि उपलब्ध आभूषणोंको एक थालीमें रखकर मण्डलके सामने रखे और प्रतिष्ठाचार्य निम्नलिखित मन्त्र बोलकर उनपर पुष्प तथा पीले सरसों डाले—

ओं ह्रां णमो अरहंताणं ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं ओं ह्रूं णमो आइरियाणं ओं ह्रौं णमो उवज्झायाणं ओं ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं इन्द्रइन्द्राण्यो-राभूषणानि पवित्राणि कुरु कुरु स्वाहा।

इस मन्त्रसे शुद्ध किये हुए चन्दन आदिको क्रमसे निम्नलिखित मन्त्र बुलवा कर धारण करावे—

पात्रेऽर्पितं चन्दनमौषधीशं शुभ्रं सुगन्धाहृतचञ्चरीकम्।
स्थाने नवाङ्के तिलकाय चर्च्यं न केवलं देहविकारहेतोः॥

ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः मम सर्वाङ्गशुद्धिं कुरु कुरु स्वाहा।

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है ।

आयात मान्मुग धर्मोन्मभाग:
संरक्षणनिराशित शान्तगेषा ।
पाप्पाग्निरतिभरगु धपायां
प्राप्नवनानि परिमार्जयन्तु ॥२॥

([illegible] पुष्प [illegible] पुष्पा [illegible] [illegible] [illegible])

आयात मान्गुणिरिपुगुणर्निदेना
पीयाउभागसपिुण्यपुजन्मा ।
अस्मिन् मम [illegible] [illegible]
गुण्या पर्णाशिरिना निनर्माण ॥३॥

([illegible] पुष्प [illegible] पुष्पा [illegible] [illegible] [illegible])

आयात निर्मलनमगृतनर्मनिधा
मंगा गुग प्रमगभागनर्मत्रन्त्र ।
अस्मिन्मगे [illegible] निताले
गुण्या भवन्तु जिनमतिमृगाठन्तु ॥४॥

([illegible] पुष्प [illegible] पुष्पा [illegible] [illegible])

[illegible] सुरगानर्त्म
[illegible] संपूर्तनिनिपारा ।

एकत्र भास्वानपरत्र सोम सेवा विधातु जिनपस्य भक्त्या।
रूप परावृत्य च कुण्डलस्य मिषादवाप्ते इव कुण्डले द्वे ॥
(यह पढ़कर कानोंमें कर्णाभरण धारण करावे)
भुजासु केयूरमपास्तदुष्टग्रीयस्य सम्यक् जयकृद् ध्वजाङ्कम्।
दधे निर्धाना नरकेशच रत्नैर्विमण्डित सद्ग्रथित सुवर्ण ॥
(यह पढ़कर केयूर बाजूबंद धारण करावे)
यत्नार्थमेव सनतादिचक्रेश्वरेण चिन्ह निधिभूषणानाम्।
यज्ञोपवीत मित हि रत्नत्रयस्य माग विदधाम्यतोऽहम् ॥
(यह पढ़कर यज्ञोपवीत पहिनावे)
अन्यैश्च दीक्षा यजनस्य गाढ कुर्वद्भिरिष्टैः कटिसूत्रमुख्यैः।
सभूषणैर्भूषयता शरीर जिनेन्द्रपूजा सुखदा घटेत।
(यह पढ़कर कटिसूत्र धारण करावे)
विधेर्विधातुर्यजनोत्सवेऽह गृहादिमूर्च्छामपनोदयामि।
अनन्यचेता कृतिमादधामि स्वर्गादिलक्ष्मीमपि हापयामि ॥
(यह पढ़कर घर गृहस्थीके कार्योंसे उत्सव पर्यन्त निवृत्त रहनेकी प्रतिज्ञा करावे)।
तदनन्तर नीचे लिखे अनुसार मण्डप प्रतिष्ठा करे।

मण्डपप्रतिष्ठा

इन्द्र चतुर्निकाय देवोंको इस महोत्सवमें अपने २ भाग्य-नियोग को पूर्ण करने की सूचना करता है।
चतुर्णिकायामरसंघ एष आगत्य यज्ञे विधिना नियोगम्।
स्वीकृत्य भक्त्या हि यथार्हदेशे सुस्था भवन्त्वाह्निककल्पनायाम् ॥
(यह पढ़कर मण्डलके सामने पुष्प छोड़े।)

(यह पढ़कर उत्तर दिशामें पुष्प छोड़ता हुआ उत्तर द्वारके प्रतीहारी 'पुष्पदन्त' को स्थापन दे।)

करकृतकुसुमानामञ्जलिं संवितीर्य
धनदमणिसुरत्नाधीशपूनार्थसार्थे।
गिरिर गिरिर शीघ्रं भक्तिमुद्भाव्य नून
निगदतु परमार्हे मण्डपोर्ध्वप्रभागे॥१०॥

(यह पढ़कर मण्डपके ऊपर सब रङ्गके पुष्पोंसे सहित अक्षत बरसावे।)

तदनन्तर ओं हूं फट् गिरिटि किरीटि घातय घातय परविघ्नान् स्फोटय स्फोटय सहस्रखण्डान् कुरु कुरु परमुद्रां छिंद छिंद परमन्त्रान् भिन्द भिन्द क्षः क्षः म फट् स्वाहा।'

यह मन्त्र पढ़कर मण्डपकी दशों दिशाओंमें पुष्प अथवा पीली सरसों फेंके।

तत्पश्चात् निम्नलिखित मन्त्र बोलकर मण्डलके चारों कोनोंपर फलादिसे भूषित चार मङ्गल कलश स्थापित करें। यदि चार न हों तो कमसे कम एक कलश अवश्य ही स्थापित करें।

'ओम् अद्य भगवतो महापुरुषस्य श्रीमदादिब्रह्मणो मतेऽस्मिन् ...... मासे ...... पक्षे ...... तिथौ ...... वासरे ...... वर्षे इह ...... नगरे जैनेन्द्रमन्दिरे ...... कार्यस्य निर्विघ्नसमाप्त्यर्थं मण्डपभूमिशुद्धयर्थं पात्रशुद्धयर्थं शान्त्यर्थं पुण्याहवाचनार्थं नवरत्नगन्धपुष्पाक्षतादिबीजपूरशोभितं मङ्गलकलशस्थापनं करोम्यहम्' क्ष्वीं क्ष्वीं हं सः स्वाहा।

कलशके पास ही दीपक प्रज्वलित कर रक्खे। दीपक रखनेके पहले निम्न श्लोक और मन्त्र पढ़े—

स्थाने यथोचितकृते परिनद्धकचाः
सन्तु श्रिय लभत पुण्यसमानभाजाम् ॥४॥

(यह पढ़कर पुष्प छोड़ता हुआ अग्निकुमार देवोंका आह्वान करे)

नागा समाविशत भूतलसन्निवेशा
स्वा भक्तिमुल्लसितगात्रतया प्रसार्य ।
आशीविषादिकृतविघ्नविनाशहेतो
सुस्था भवन्तु निजयोग्यमहासनेषु ॥५॥

(यह पढ़कर पुष्प छोड़ता हुआ नागकुमार देवोंका आह्वान करे)

पुरुहूतदिशि स्थितिमिहि करोद्धतकाञ्चनदण्डगरुडरुचे ।
विधिना कुमुदेश्वर सन्नयशय धृतपङ्कजशङ्कितश्रृङ्गणक ॥ ६ ॥

(यह पढ़कर पूर्व दिशामें पुष्प छोड़कर पूर्वद्वारके प्रतीहारी 'कुमुदेश्वर' को स्थान दे।)

वामनाशु यमदिग्विभागत स्थानमेहि विनयनकर्मणि ।
भक्तिभारकृतदुष्टनिग्रह पूतशासनकृतामरन्ध्यर ॥७॥

(यह पढ़कर दक्षिण दिशामें पुष्प छोड़ता हुआ दक्षिण दिशाके प्रतीहारी 'वामन' को स्थान दे)

पश्चिमाशु विततासु हरित्सु भूमिभक्तिभरभृकृतपीठा ।
अञ्जनस्महितकाम्यययाध्वरे तिष्ठ विघ्नविजय प्रणिधेहि ॥८॥

(यह पढ़कर पश्चिम दिशामें पुष्प छोड़ता हुआ पश्चिम द्वारके प्रतीहारी 'अञ्जन' को स्थान दे।)

पुष्पदन्तभवनासुरमध्ये सत्कृतोऽसि यत इत्थमतोऽस्मम् ।
उत्तरत्र मणिदण्डकराग्रस्तिष्ठ विघ्नविनिवृत्तिविधायी ॥ ९ ॥

अपराजितमन्त्रोऽयं सर्वविघ्नविनाशनः ।
मंगलेषु च सर्वेषु प्रथमं मंगलं मतः ॥
एसो पंच णमोयारो सव्वपावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसिं पढमं होइ मंगलं ॥
अर्हमित्यक्षरब्रह्मवाचकं परमेष्ठिनः ।
सिद्धचक्रस्य सद्बीजं सर्वतः प्रणमाम्यहम् ॥
कर्माष्टकविनिर्मुक्तं मोक्षलक्ष्मीनिकेतनम् ।
सम्यक्त्वादिगुणोपेतं सिद्धचक्रं नमाम्यहम् ॥
विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति शाकिनी भूतपन्नगाः ।
विषं निर्विषतां याति स्तूयमाने जिनेश्वरे ॥

(यह पढकर थालीमें पुष्प छोड़, तदनन्तर निम्न श्लोक बोलकर नमस्कार मन्त्रको अर्घ चढावे)

उदकचन्दनतन्दुल-पुष्पकैश्चरुसुदीपसुधूपफलार्घकैः ।
धवलमंगलगानरवाकुले जिनगृहे जिनमन्त्रमहं यजे ॥

ओं ह्रीं अनादिमूलमन्त्रायानर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

(इसके बाद निम्नलिखित अष्टदल कमल पूजाके लिये अर्घ चढावे)

अष्टदल कमलपूजा[१]

अर्हदादिपदाकारमोङ्कारं बिन्दुसंयुतम् ।
कामदं मोक्षदं वन्दे ऋषीणां तिलकप्रदम् ॥१॥

---

१ यह पूजा सकलकीर्ति द्वारा रचित है ।

रुचिरदीप्तिकरं शुभदीपकं सकललोकसुखाकरमुज्ज्वलम् ।
तिमिरजालहरं प्रकरं सदा किल धरामि सुमंगलकं मुदा ॥

ॐ अज्ञानतिमिरहरं दीपकं स्थापयामि ।

इतना मंत्र पढ़ कर चुकनेके बाद नीचे लिखे अनुसार पूजा प्रारम्भ करे ।

पूजा-स्थापन

ओम् जय जय जय नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु
णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरीयाणं ।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं ॥

ॐ ह्रीं अनादि मूलमन्त्र ! अत्रावतरावतर संवौषट् ।
" " अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।
" " अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

चत्तारि मंगलं—अरहंता मंगलं सिद्धा मंगलं साहू मंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं । चत्तारि लोगुत्तमा—अरहंता लोगुत्तमा सिद्धा लोगुत्तमा साहू लोगुत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो । चत्तारि सरणं पवज्जामि—अरहंते सरणं पवज्जामि सिद्धे सरणं पवज्जामि साहू सरणं पवज्जामि केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पवज्जामि । ॐ नमोऽर्हते स्वाहा ।

अपवित्रः पवित्रो वा सुस्थितो दुःस्थितोऽपि वा ।
ध्यायेत्पञ्चनमस्कारं सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥
अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ।
यः स्मरेत्परमात्मानं स बाह्याभ्यन्तरे शुचिः ॥

ओं ह्रीं गोत्र कर्म रहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

अन्तरायविनाशेन प्राप्तानन्तमहाबलम् ।
वन्दे लोकशिराारूढं लोकातीतं मुनिश्चलम् ॥ ९॥

ओं ह्रीं अन्तरायकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

तदनन्तर संस्कृत या हिन्दी भाषामें पञ्चपरमेष्ठी विधान करें। विधान समाप्त होनेपर मङ्गल कलशके जलसे शान्तिधारा करें।

शान्तिधारा[1]

ॐ नमः सिद्धेभ्यः श्री वीतरागाय नमः । ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते श्रीपार्श्वतीर्थंकराय द्वादशगणपरिवेष्टिताय शुक्लध्यान पवित्राय सर्वज्ञाय स्वयंभुवे सिद्धाय, बुद्धाय परमात्मने परमसुखाय त्रैलोक्यमहीव्याप्ताय अनन्तसंसारचक्रपरिमर्दनाय अनन्त दर्शनाय अनन्तवीर्याय अनन्तसुखाय त्रैलोक्यवशंकराय सत्यज्ञानाय सत्यब्रह्मणे धरणेन्द्रफणामण्डलमण्डिताय ऋष्यार्यिका-श्रावक-श्राविकाप्रमुखचतुःसंघोपसर्गविनाशाय घातिकर्मविनाशाय अघातिकर्मविनाशाय अपवादमस्माकं छिन्द २ भिन्द २ मृत्युं छिन्द २ भिन्द २ अतिकामं छिन्द २ भिन्द २ रतिकामं छिन्द २ भिन्द २ क्रोधं छिन्द २ भिन्द २ अग्निं छिन्द २ भिन्द२ सर्वशत्रुं छिन्द २ भिन्द २ सर्वोपसर्गं छिन्द २ भिन्द २ सर्वविघ्नं छिन्द छिन्द भिन्द भिन्द सर्वभयं छिन्द २ भिन्द २ सर्वराजभयं छिन्द २ भिन्द २ भिन्द २ सर्वचोरभयं छिन्द २ भिन्द २ सर्वदुष्टभयं छिन्द २ भिन्द २ सर्वमृगभयं छिन्द २ भिन्द २ सर्वपरमन्त्रं छिन्द २ भिन्द २ सर्वमामयभयं छिन्द २ भिन्द सर्वशूलभयं छिन्द २ भिन्द २ सर्वक्षयरोगं छिन्द २ भिन्द २ सर्वकुष्ठरोगं

[1] यह शान्ति धारा दि० जैनव्रतोद्यापनसंग्रहसे उद्धृत की गई है ।

ओं ह्रीं मण्डलमध्यगताय पञ्चपरमेष्ठिरूपाय ओंकाराय निर्वपामीति स्वाहा ।

ज्ञानावरणसन्नाशलब्धानन्तसुबोधनम् ।
वन्दे सिद्धं स्वयं सिद्धं कर्मशत्रुनिशोधनम् ॥२॥

ओं ह्रीं ज्ञानावरणकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

दृगावरणसंघातसन्निनानन्तदर्शनम् ।
वन्दे सिद्धं जगत्कान्तं भव्यनन्तुनिहर्पणम् ॥३॥

ओं ह्रीं दर्शनावरणकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

वेद्यबाधासमालब्धाव्याबाधत्वमहागुणम् ।
वन्दे सिद्धं स्मरारिद्धं क्षीणकर्मद्विपद्गणम् ॥४॥

ओं ह्रीं वेदनीयकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

मोहभूपालभूपातलब्धसम्यक्त्वसन्मणिम् ।
वन्दे मुक्तं गुणैर्युक्तं राजज्ज्ञानदिवामणिम् ॥५॥

ओं ह्रीं मोहनीयकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

अवगाहगुणोपेतमायुःकर्मविनाशनात् ।
वन्दे शुद्धं महाबुद्धं सिद्धं त्रैलोक्यदर्शनात् ॥६॥

ओं ह्रीं आयुःकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

नामकर्मापहारेण सूक्ष्मत्वगुणशालिनम् ।
वन्दे मुक्तिमहीकान्तं लोकत्रयनिभालिनम् ॥७॥

ओं ह्रीं नामकर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिनेऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

गोत्रगोत्रविदारणं प्राप्तागुरुलघुत्वकम् ।
